जिले में हर्ष, उल्लास के साथ मनी होली, उड़ा रंग गुलाल

रंग और गुलाल लगाने बच्चों और युवाओ में दिखा उत्साह

नवभारत न्यूज

सीधी, 05 मार्च। जिले भर में रंगों का त्यौहार होली प्रेम एवं सद्भावना के साथ मनाया गया। होली के त्यौहार की खुशियां एक-दूसरे से लोगों ने पूरे उत्साह के साथ मिलकर बांटी। बुधवार को रंग एवं गुलाल बरसे और लोग सराबोर होते रहे। होली के दौरान कुछ लोग घूमकर मस्ती करते रहे। सामाजिक समरसता के प्रतीक होली के त्यौहार के अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे के घरों में भी जाकर होली की शुभकामनाएं अबीर लगाते हुए दी।

वहीं विशेष फाग का आयोजन किया गया, जिसमे जमकर होली गीत ढोल नगाड़े मजीरा के साथ फाग गाया गया। ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही फाग गायन करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा। फाग गायन की धूम देर रात तक अनवरत रूप से बनी रही। उल्लेखनीय है की होली के पर्व को भाई चारा आपसी स्नेह का पर्व माना जाता है और होली में रंग गुलाल के चलते सब एक सूत्र में बंध जाते है। होली का त्यौहार शहर सहित मझौली, रामपुर नैकिन, बघवार, हत्था, सेमरिया, कुसमी, सिहावल, बहरी, अमिलिया, कमर्जी, चुरहट, खड्डी अंचल में भी धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने दो दिनों तक होली का त्यौहार मनाया। इस

दौरान बच्चों एवं युवाओं ने जहां रंगों के साथ जमकर मस्ती की। वहीं अधेड़ों एवं बुजुर्गों ने फाग गीतों का आयोजन कर होली के त्यौहार की खुशियां मनाया। होली की धूम के चलते पूरा जिला दो दिनों तक रंग बिरंगे रंगों से सराबोर रहा। इस दौरान जिले भर में पुलिस की कड़ी चौकसी बनी रही। जिले भर में पुलिस बल अपनी ड्यूटी मे मुस्तैदी से तैनात रहा। पुलिस की कड़ी चौकसी के चलते अराजक तत्वों की धमाचौकड़ी देखने को नहीं मिली। पुलिस द्वारा इस बात पर विशेष चौकसी की जा रही थी कि नशे में धुत्त होकर कोई भी व्यक्ति बाहर सडकों में निकलकर हुड़दंग न मचा सके। पुलिस बल की टुकडियां अलग-अलग स्थानों में सुबह से ही अपना मोर्चा संभाले हुई थी। जिला मुख्यालय समेत कस्बाई क्षेत्रों में भी पुलिस की होली के त्यौहार पर कड़ी निगरानी सुबह से लेकर रात में भी बनी रही। अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों के यहां भी होली की भीड़ दिखी।

नहीं दिखे हुड़दंगी

होली पर बाजार एवं सार्वजनिक स्थानों में पुलिस की सख्ती के चलते हुड़दंगी देखने को नहीं मिले हैं। हर चौराहों पर पुलिस की मौजूदगी रही तो सडक पर निकलने वाले लोग आराम से आ-जा रहे थे। सडक किनारे छुटपुट रंग अबीर लगाने का दौर भी चलता रहा किंतु यह सब केवल आपसी सद्भाव तक ही सीमित रहा। अमूमन होली के दिन पियक्कड़ बाइक लहराते अनाप-शनाप बकते निकलते देखे जाते थे किंतु इस बार शांतिपूर्वक होली का त्यौहार मनाया गया। शहर ही नहीं ग्रामीण इलाकों में भी लोगों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का त्यौहार मनाया। पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी द्वारा होली के त्यौहार को जिले भर में शांतिपूर्वक आपसी सद्भावना के साथ मनाने के लिए अपील की गई थी। उनकी अपील का असर जिले भर में रहा।

सांसद निवास में मना होली का पर्व

संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के निज निवास प्रभु विला पडैनिया में होली के त्यौहार पर बुधवार को फाग का गायन किया गया। एवं धूमधाम से होली का त्यौहार मनाया गया। इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं आम नागरिक तथा पत्रकार साथी उपस्थित रहे। वहीं डॉ. अनूप मिश्रा द्वारा भी सभी आगंतुकों का स्वागत कर फाग गाए। इसी के साथ ही सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने भी फाग गाते हुए उल्लास पूर्वक त्यौहार मनाए।

विधायक बंगले में होली पर्व पर जुटी भीड़

सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के बंगले में होली पर्व पर लोगों की काफी भीड़ रही। वहां भी फाग का आयोजन हुआ। जहां कि श्रीमती रीती पाठक एवं रजनीश पाठक द्वारा सभी भाजपा के नेताओं एवं आम नागरिकों को गुलाल लगाकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दिए। यहां भी भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक ने दल-बल के साथ किया जिला भ्रमण

होली के त्यौहार को शांति, सुरक्षा और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने के लिए सीधी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने स्वयं पुलिस बल के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का सघन भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु तैनात अधिकारियों और जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री कोरी ने विभिन्न चौराहों और फिक्स पिकेट्स पर मुस्तैदी से अपनी सेवाएं दे रहे पुलिसकर्मियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने त्यौहार के समय अपनी पारिवारिक खुशियों को छोड़कर कर्तव्य को प्राथमिकता देने वाले जवानों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने हेतु प्रेरित किया। जिले में चाक चौबंद सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्य बाजारों, संवेदनशील इलाकों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस की सक्रिय उपस्थिति का उद्देश्य यह रहा कि आम नागरिक बिना किसी भय के हर्षोल्लास के साथ त्यौहार का आनंद ले सकें। पुलिस की मोबाइल पार्टी और चीता मोबाइल टीमें शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों की गलियों तक में निरंतर भ्रमण करती रहीं। त्यौहार के दौरान शांति भंग करने वाले और नियमों का उल्लंघन करने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर बनी रही। सड़कों पर वाहनों की कड़ी चेकिंग की गई। विशेष रूप से शराब पीकर वाहन चलाने वालों और तेज रफ्तार ड्राइविंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

पुलिस ने नाबालिग बालिका को मंदसौर से किया बरामद

नवभारत न्यूज

सीधी 05 मार्च। पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन में अमिलिया पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक नाबालिग अपहृता को जिला मंदसौर से सुरक्षित बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार परिजनों द्वारा थाना अमिलिया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री अचानक लापता हो गई है। परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका व्यक्त की थी, जिस पर पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर गहन विवेचना प्रारंभ की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राकेश बैस के नेतृत्व में गठित विशेष टीम और सायबर सेल ने तकनीकी साक्ष्यों की मदद से बालिका की लोकेशन जिला मंदसौर के थाना श्यामगढ़ क्षेत्र में ट्रैक की। पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया। दस्तयाब होने के उपरांत बालिका ने पूछताछ में खुलासा किया कि आरोपी द्वारा उसे बहला-फुसलाकर ले जाया गया था। इस आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध वैधानिक धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त सफल कार्यवाही में निरीक्षक राकेश बैस थाना प्रभारी अमिलिया, सउनि उग्रभान मिश्रा, प्रआर लोकेन्द्र सिंह, महिला आरक्षक संगीता बैस, सायबर सेल टीम सीधी का विशेष योगदान रहा।

गोपाल दास मंदिर में हुआ हनुमान चालीसा पाठ

नवभारत न्यूज

सीधी 05 मार्च। श्री श्री 1008 श्री स्वामी श्री गोपाल दास जी महाराज आश्रम अध्यात्म रामायण मंदिर में दिनांक 3 मार्च 2026 को रात्रि 8:30 बजे से श्री हनुमान चालीसा प्रारंभ हुआ। सभी श्रद्धालु भक्तगण समय का ध्यान रखते हुए पहुंचे और अपने जीवन को कृतार्थ किया।

10 मिनट पहले पहुंचने से व्यवस्थित तरीके से पाठ हो सकेगा क्योंकि 8:30 बजे राइट टाइम में श्री हनुमान चालीसा प्रारंभ हो जाती है। इसी दौरान हनुमान चालीसा के पश्चात आए हुए सभी भक्तगण एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर रंग महोत्सव मनाते हुए होली की शुभकामनाएं दी। हनुमान चालीसा गोपाल दास मंदिर के प्रभारी मयंक मिश्रा, नगर अध्यक्ष रमेश गुप्ता, भास्कर सिंह चौहान, अरुण सिंह बघेल, महेंद्र श्रॉफ, धर्मेंद्र सिंह सोनू, प्रभात पाण्डेय, अंशुमान द्विवेदी, आशीष अवधिया, विनय सिंह, ज्ञानेंद्र द्विवेदी, मुकेश सिंह चौहान, द्रोणाचार्य तिवारी, आकाश शर्मा, सत्य प्रसाद नामदेव, अन्वेशा, कनक आदि उपस्थित रहे।

जेपी निगरी में 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ

नवभारत न्यूज

सीधी 05 मार्च। जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्लांट द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारम्भ दिनांक 5 मार्च 2026 को मुख्य अतिथि एमवीआर रेड्डी, सीओपी द्वारा सुरक्षा ध्वज फहरा कर किया गया।

इस कार्यक्रम में 5 मार्च 2026 दिन गुरुवार प्रातः काल 9:45 बजे एक पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। तत्पश्चात् संस्थान में सभी कार्य सुरक्षित ढंग से किये जायें, इसके लिए सुरक्षा शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि एमवीआर रेड्डी, सीओपी ने अपने संबंधन में कहा कि ग्राउड लेवल तक लोगो को प्रशिक्षित करें, सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है, सुरक्षा के लिये ओनर शिप का भाव सभी में आये। साथ ही साथ प्लांट को नबम्बर-2025 में नेशनल सेफ्टी काउंसिल द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया इसके लिये सभी को बधाई एवं आगे भी इसी तरह सेफ्टी फर्स्ट कनसेप्ट का पालन करते हुयें कार्य करना है। इस कार्यक्रम में एके श्रीवास्तव, एडवाइजर मानव संसाधन, एनए खान, उपाध्यक्ष, नवीन तिनगुरिया, उपाध्यक्ष, बीके झा, उपाध्यक्ष, एके सिंह उपाध्यक्ष, वीएस पाण्डेय, वरिष्ठ महाप्रबन्धक, एके सिंह, वरिष्ठ महाप्रबन्धक, विक्रम सिंह गहरवार, वरिष्ठ महाप्रबंधक, जेएनसीजीयू, एम मुरली कृष्णा प्लांट हेड पॉवर मेक, अरूण कुमार उपाध्याय, सहायक महाप्रबंधक, संरक्षा, निखिल तिवारी, सहायक प्रबंधक संरक्षा, व उनकीटीम के अलावा सभी जेपी प्लांट के वरिष्ठ अधिकारी गण व संविदाकार के प्रमुख एवं श्रमिकगण उपस्थित रहे। सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिये सुरक्षा विभाग द्वारा दिनांक 5 मार्च से 11 मार्च के दौरान विभिन्न सुरक्षा प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे कार्य स्थल पर ही ऑनस्पाट क्विज प्रतियोगिता, फायर ड्रील प्रतियोगिता, सेफ्टी पोस्टर एवं सेफ्टी स्लोगन प्रतियोगिता, फस्ट ऐडर प्रतियोगिता, जय ज्योती स्कूल एवं सरदार पटेल उ. मा. विद्यालय के बच्चों के लिये रोड सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम तथा टाउनशिप की महिलाओं के लिये गृह सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, सड़क सुरक्षा अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। सुरक्षा सप्ताह का समापन दिनांक 11 मार्च 2026 को विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण करके किया जायेगा।

अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

सीधी 05 मार्च। राष्ट्रीय राजनीति में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल स्व. कुंवर अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर 6 मार्च को जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी सहित विभिन्न कांग्रेस संगठनों द्वारा दिनभर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 6 मार्च की प्रातः 8 बजे अस्पताल चौक स्थित कुंवर अर्जुन सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहां

कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। इसके पश्चात प्रत्येक वर्ष की भांति प्रातः 9 बजे से राव सागर तालाब स्थित उनकी समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भजन कार्यक्रम भी आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश भर से कुंवर अर्जुन सिंह के अनुयायी, कांग्रेसजन और उनके समर्थक शामिल होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसी क्रम में दोपहर 12:30 बजे जिला युवा कांग्रेस कमेटी द्वारा जवाहर कांग्रेस भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस गोष्ठी में कुंवर अर्जुन सिंह के छात्र जीवन की राजनीति से लेकर राष्ट्रीय राजनीति में उनके प्रभाव, योगदान और सक्रिय भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और युवाओं की उपस्थिति रहेगी। जिला कांग्रेस कमेटी ने जिले भर के कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्व. कुंवर अर्जुन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करें और उनके विचारों तथा आदर्शों को स्मरण करें।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने धूमधाम से मनाया होली

नवभारत न्यूज

सीधी 05 मार्च। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सीधी स्टेडियम के पास स्थित सेवाकेंद्र में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिला स्थित सेवाकेंद्रों की संचालिका ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने होली का आध्यात्मिक रहस्य स्पष्ट करते हुए बताया कि भारत त्यौहारों की भूमि है, जिसमें होली के त्यौहार का एक विशेष महत्व है।

होली का त्यौहार हम सभी बड़ी खुशी के साथ मनाते है, होलिका दहन करतें है, एक दूसरे को बड़े प्यार से रंग लगाते है। संस्कार परिवर्तन से ही विश्व परिवर्तन संभव है। परमात्मा हमें हमारे ओरिजिनल संस्कारों की याद दिलाते है, जिसमें पवित्रता मुख्य है। पवित्रता सुख और शांति की जननी है, सर्व प्राप्तियों की चाबी है। होली का त्यौहार पवित्रता की इसी धारणा का यादगार है। पिता, माता, सखा, बंधु, जीवन साथी हमारे सर्व संबंध वास्तविक रूप में उस एक परमात्मा से ही है। साथ ही जैसा संग वैसा रंग। परमात्मा के संग यथार्थ सत्संग से हम भी उनके जैसे बनते जाते है। शांत स्वरूप, प्रेम स्वरूप, शक्ति स्वरूप और फिर यही स्नेह, प्यार और सम्मान का परमात्म रंग हम औरों को भी लगाते है। होली के त्यौहार पर एक दूसरे को रंग लगाना इसी का यादगार है।

रामनगर टीम ने 9 विकेट से हासिल की जीत

नवभारत न्यूज

सीधी 05 मार्च। पिपरांव प्रीमियम लीग सीजन-2 का गुरुवार को धौरहरा ग्राउंड में हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह भदोरिया जनपद सदस्य बघवार एवं विशिष्ट अतिथि ऋषि राज मिश्रा जनपद उपाध्यक्ष रामपुर नैकिन ने दीप प्रज्वलित कर टूर्नामेंट को शुरुआत की।

टूर्नामेंट के रोमांचक उद्घाटन मैच में अल्ट्राटेक टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 84 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जॉनी 11 हिनौती की टीम निर्धारित ओवरों में 86/1 रन ही बना सकी। इस प्रकार रामनगर टीम ने 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। शानदार बल्लेबाजी के लिए आलोक मिश्रा नेपाली को मैन आफ द मैच चुना गया एवं दूसरी पारी 2 बजे से सेमी फाइनल टेगाना एवं जॉनी 11 हिनौती टेगाना पहले बल्लेबाजी करते हुए 85 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए जॉनी 11 हिनौती टीम ने 75 रन ही बना पाई 10 रंग से हार गई। इस सफल आयोजन में उपेन्द्र सिंह लल्ली बृजेंद्र सिंह, रन धावा सिंह बघेल, राजीव सिंह, राजू किसान केवट, राज सिंह परिहार, किशोरी लाल सोनी, रवि तिवारी, सुमित सिंह चंदेल, अजय सिंह परिहार, शिवेंद्र मिश्रा, रामनारायण सिंह परिहार, उप्पल सिंह परिहार, कैलाश सिंह परिहार, पंकज सिंह परिहार आदि का योगदान रहा। आज 6 मार्च को हनुमानगढ़ एवं विंध्या मोटर खड्डी के बीच मुकाबला होगा।

गृह ग्राम सुपेला में मनाई गई स्व. इंद्रजीत कुमार की जयंती

समाधि स्थल पर हुई श्रद्धांजलि सभा, पुष्पांजलि अर्पित करने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे अनुयायी एवं समर्थक

नवभारत न्यूज

सीधी 05 मार्च। पूर्व मंत्री एवं जनसेवक स्व. इंद्रजीत कुमार की जन्म जयंती आज सेवा दिवस के रूप में मनाई गई। उनके गृह ग्राम सुपेला में स्थित समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करने सुबह से ही उनके चाहने वालों का तांता लगा रहा।

समाधि स्थल पर भक्ति गीतों के साथ श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें आगंतुकों ने एकाग्रचित्त होकर कार्यक्रम को सुना। सीधी, सिंगरौली, रीवा संभाग सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों से उनके अनुयायी एवं उनसे जुड़े लोगों ने पहुंचकर समाधि स्थल पर उन्हें स्मरण करते हुए पुष्प अर्पित किए। लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलकर सेवा का संकल्प भी लिया। सीधी-सिंगरौली और रीवा संभाग के साथ-साथ प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी उनकी जन्म जयंती पर समर्थकों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया। राजनीति में स्व. इंद्रजीत कुमार द्वारा स्थापित सुचिता, पारदर्शिता और सेवा भाव के मूल्यों को आत्मसात करते हुए इस अवसर को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। श्री कुमार अद्भुत प्रतिभा के धनी थे। उनके द्वारा पार्टी में हजारों कार्यकर्ता तैयार किए गए, जो आज समाज में पार्टी का मान बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर ग्राम चितवरिया में अवध सद्भावना समिति द्वारा दो दिवसीय लोकरंग उत्सव, फाग उत्सव एवं कवि सम्मेलन का आयोजन कर उन्हें याद किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं पंचायत प्रतिनिधि सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। पूर्व मंत्री इंद्रजीत कुमार की लोकप्रियता सीधी जिले के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी व्यापक रही, जिसके चलते विभिन्न स्थानों पर भी उनकी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीधी जिले के अलग-अलग स्थानों पर समर्थकों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर पुष्पांजलि एवं पुष्पहार अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

पूर्व मंत्री इंद्रजीत कुमार के अनुयायियों एवं समर्थकों द्वारा प्रतिवर्ष उनकी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रहती है। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर भी सैकड़ों समर्थक विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर पूर्व मंत्री इंद्रजीत कुमार के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। अनुयायियों ने श्री कुमार के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा का संकल्प लिया।

कांग्रेस भवन में पूर्व मंत्री इंद्रजीत कुमार को दी गई श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

सीधी 05 मार्च। मानव सेवा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और सर्वहारा वर्ग के लोकप्रिय नेता स्व. इंद्रजीत कुमार पटेल की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन सीधी में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह सहित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि स्व. इंद्रजीत कुमार का संपूर्ण जीवन समाज के वंचित, गरीब और सर्वहारा वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में सदैव कमजोर और शोषित वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाया तथा उनके अधिकारों की लड़ाई को प्राथमिकता दी। ज्ञान सिंह ने कहा कि इंद्रजीत कुमार केवल एक राजनेता ही नहीं बल्कि समाज के प्रति गहरी संवेदना रखने वाले जनसेवक थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए। उनका संघर्ष, सादगी और जनसेवा का भाव आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम सभी उनके आदर्शों और विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए समाज सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ें। उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाया जा सकता है और सच्चे अर्थों में लोकतंत्र को मजबूत किया जा सकता है। इस अवसर पर दानबहादुर सिंह, विनोद मिश्रा, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, भूपेंद्र सिंह, जय सिंह, अंशुमान सिंह, ओंकार सिंह कर्चुली, करुण सिंह, कुमुदिनी सिंह, शीला रानी साकेत, दिलीप सितानी, अरविंद सिंह, हारून मंसूरी, विवेक सिंह दीपू, अरविंद तिवारी, हल्के सोनी, रनशेर अली बाबू भाई, गौरी साकेत, पुष्पा सिंह, रेखा सिंह, रतनीश सोनी, दिग्विजय सिंह, जान आलम, रमेश सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।